# साप्ताहिक वन लाइनर्स अपडेट

15-21 अप्रैल 2019









www.gradeup.co

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 15-21 अप्रैल 2019

## महत्वपूर्ण दिवस

1. देश भर में 24वें और अंतिम जैन **'तीर्थंकर भगवान महावीर'** की जयंती कब मनाई गई___**17 अप्रैल।**

   **नोट:**
   - यह जैन लोगों के लिए सबसे पवित्र दिनों में से एक है।
   - भगवान महावीर के अनुयायी इस पर्व को पूजा करके, प्रसाद चढ़ाकर और रथ जुलूस में भाग लेकर मनाते हैं।
   - भगवान महावीर का जन्म इक्ष्वाकु वंश में कुंडग्राम के राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के पुत्र के रूप में हुआ था।
2. विश्व हीमोफिलिया दिवस दुनिया भर में मनाया गया ____**17 अप्रैल।**

   **नोट:**
   - यह दिवस हीमोफिलिया और अन्य वंशानुगत रक्तस्राव विकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाता है।
   - विश्व हीमोफिलिया दिवस (WHD) 2019 का विषय 'रीचिंग आउट - कनेक्ट टू योर कम्युनिटी' है।
   - विश्व हीमोफिलिया दिवस की शुरुआत वर्ष 1989 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया (WFH) द्वारा की गई थी, जिसने 17 अप्रैल को WFH के संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समुदाय को एक साथ लाने के लिए चुना था।
3. ऐतिहासिक मुजीबनगर दिवस कहां मनाया गया_____ **बांग्लादेश।**

   **नोट:**
   - यह दिवस वर्ष 1971 में मेहरपुर के बैद्यनाथताल में बांग्लादेश की पहली सरकार के शपथग्रहण समारोह का प्रतीक है।
   - यह दिवस राजनीतिक दलों और सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा पूरे बांग्लादेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है।
   - वर्ष 1971 में इसी दिन, बांग्लादेश की आजादी आंदोलन के वरिष्ठ नेता स्वतंत्र बांग्लादेश की अस्थाई सरकार बनाने के लिए बैद्यनाथताल में एकत्रित हुए थे।
4. विश्व धरोहर दिवस हर वर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है___**18 अप्रैल।**

   **नोट:**
   - इस वर्ष का विषय 'ग्रामीण परिदृश्य' है।
   - इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में उन विभिन्न स्थलों की रक्षा करने और उन्हें संरक्षित करने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिन्हें विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है।
   - यूनेस्को द्वारा 1000 से अधिक विश्व धरोहर स्थलों (मानवनिर्मित और प्राकृतिक) को मान्यता प्रदान की गई है।
5. विश्व यकृत दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**19 अप्रैल।**

   **नोट:**





- विश्व यकृत दिवस 2019 का विषय **'अपने यकृत से प्यार करें और लंबे समय तक जीवन जिएं** (Love Your Liver and Live Longer) है।
- यकृत संबंधी रोग हेपेटाइटिस A, B, C, एल्कोहल और नशीली दवाओं के कारण होते हैं।
- WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के अनुसार, यकृत की बीमारियां भारत में होने वाली मौतों का 10वां सबसे आम कारण हैं।

**6.** संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**20 अप्रैल।**

**नोट:**

- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र (UN) में चीनी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देता है।
- यह दिवस एक पौराणिक व्यक्ति कांग्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है, ऐसा माना जाता है कि उन्होंने लगभग 5,000 साल पहले चीनी भाषा के अक्षरों का आविष्कार किया था।

**7.** विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस (WCID) मनाया जाता है_____**21 अप्रैल।**

**नोट:**

- इस दिन दुनिया को यह विचार अपनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है कि राष्ट्रों की आर्थिक क्षमता को काम में लाने के लिए नवाचार आवश्यक है।
- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव का एक हिस्सा है जिसका शीर्षक "Transforming our world: the 2030 Agenda for Sustainable Development" है।

**8.** लोक सेवा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**21 अप्रैल।**

**नोट:**

- इस वर्ष आम चुनाव के कारण **लोक सेवा दिवस** नहीं मनाया जा रहा है।
- इसी दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्र भारत में लोक सेवकों के पहले बैच को मेटकाफ हाउस में संबोधित किया था, जहां उन्होंने लोक सेवकों को 'भारत के लौह ढांचे' के रूप में निर्दिष्ट किया था।

## नई नियुक्तियां

**1.** हैती का नया प्रधान मंत्री किसे नियुक्त किया गया____ **जीन-मिशेल लेपिन।**

**नोट:**

- श्री लेपिन (पूर्व संस्कृति एवं संचार मंत्री) ने प्रधानमंत्री जीन-हेनरी सिन्ट की जगह ली।
- गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 60 फीसदी आबादी के साथ हैती अमेरिका का सबसे गरीब देश है।
- वर्ष 2018 में, हैती को रिकॉर्ड 290 मिलियन अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ था, जबकि इसका राष्ट्रीय बजट, कैरिबियाई क्षेत्र में न्यूनतम, 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

**2.** केंद्रीय इस्पात मंत्री जिन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ-साथ राज्य सभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया__**चौधरी बीरेंद्र सिंह।**

**नोट:**

- हालांकि, वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य बने रहेंगे।





- बीरेंद्र सिंह को छह वर्ष के कार्यकाल के लिए वर्ष 2016 में राज्यसभा में निर्वाचित किया गया था, जिसका अर्थ है कि संसद के उच्च सदन में उनके कार्यकाल में अभी भी तीन वर्ष से अधिक का समय शेष है।

**3.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में कौन सा नया पद बनाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी___ **उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक।**

**नोट:**

- उप CAG राज्य ऑडिट, दूरसंचार ऑडिट के बीच समन्वय की निगरानी करेगा और इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट (IA & AD) के अंदर विभिन्न सूचना प्रणाली पहलों का समन्वय करेगा।

**4.** विश्व शासी निकाय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) की **स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति के अध्यक्ष** नियुक्त होने वाले पहले भारतीय ______ **कर्नल डॉ. बिभु कल्याण नायक।**

**नोट:**

- **कर्नल डॉ. बिभु कल्याण नायक** विश्व शासी निकाय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) की **स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति के अध्यक्ष** नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।
- श्री नायक ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन, हवाना, क्यूबा और नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर, मैड्रिड, स्पेने से स्पोर्ट्स ट्रॉमेटोलॉजी और स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज फिजियोलॉजी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।
- हाल ही में, उन्होंने वर्ष 2018 पुरुष विश्व कप के चिकित्सा अधिकारी के रूप में भी काम किया।
- उन्हें वर्ष 1995 में भारतीय सेना के आर्मी मेडिकल कोर में शामिल किया गया था और उन्होंने पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स में 6 वर्षों तक काम किया है।

**5.** फिलिस्तीन के नए प्रधान मंत्री पद की शपथ किसने ली _____ **मोहम्मद इश्तयेह।**

**नोट:**

- फिलिस्तीन के राष्ट्रपति **महमूद अब्बास** ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में **डॉ. मोहम्मद इश्तयेह** (61 वर्षीय) की नियुक्ति की पुष्टि की है।
- श्री इश्तयेह ने रामी हमदल्लाह की जगह ली।
- फिलिस्तीन का प्रधान मंत्री फिलिस्तीन राष्ट्र की सरकार का प्रमुख होता है।

**6.** माली के प्रधान मंत्री जिन्होंने अपनी पूरी सरकार के साथ इस्तीफा दे दिया____**सोम्येलोउ बोउबेय मायगा।**

**नोट:**

- हिंसा के उतार-चढ़ाव के विरोध में 5 अप्रैल को बमाको की सड़कों पर उतरे कई हजार लोगों ने सरकार पर इसे रोकने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं करने का आरोप लगाया।
- माली तब से स्थिरता को बहाल करने के लिए संघर्ष कर रहा है जब से अल-कायदा से जुड़े इस्लामी चरमपंथियों ने वर्ष 2012 की शुरुआत में देश के उत्तरी विशाल रेगिस्तान में नियंत्रण कर लिया था।

**7.** पाकिस्तान के वित्त मंत्री जिन्होंने मंत्रिमंडल छोड़ी _______ **असद उमर।**

**नोट:**

- पाकिस्तान IMF से आठ बिलियन डॉलर की मांग कर रहा है ताकि देश की अर्थव्यवस्था को खतरे में डालने वाले गंभीर भुगतान-संतुलन के संकट से स्वयं को बचा सके।





- वित्त मंत्रालय पाकिस्तान सरकार का एक मंत्रालय है, जिसका कार्य आर्थिक प्रबंधन की नीतियों को विकसित करके और सरकार को विशेषज्ञ सलाह प्रदान करके एक मजबूत पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करना है।

**8.** दक्षिण अफ्रीका में भारत के अगले उच्चायुक्त_____ **जयदीप सरकार।**

**नोट:**

- वर्तमान में, सरकार भूटान में भारत के राजदूत के रूप में कार्य कर रहे हैं।
- केंद्र सरकार ने **सुहेल अजाज खान** को **लेबनान** में भारत का अगला **उच्चायुक्त** नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह सऊदी अरब में भारत के उप प्रमुख मिशन के रूप में कार्यरत हैं।

**9.** जर्मनी स्थित ऋणदाता **ड्यूश बैंक** ने भारत में अपना **मुख्य कार्यकारी अधिकारी** (CEO) किसे नियुक्त किया ____ **कौशिक शपारिया।**

**नोट:**

- शपारिया ने ग्लोबल हेड ऑफ सब्सिडियरी कवरेज के साथ-साथ इंस्टीट्यूशनल एंड ट्रेजरी कवरेज के अंतर्गत कॉर्पोरेट बैंकिंग कवरेज के एशिया पैसिफिक प्रमुख के रूप में कार्य किया है।
- ड्यूश बैंक ए.जी. एक जर्मन बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक एवं वित्तीय सेवा कंपनी है जिसका मुख्यालय फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में है।
- यह बैंक यूरोप, अमेरिका और एशिया में मौजूदगी के साथ-साथ 58 देशों में कार्यरत है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** नदी प्रदूषण कम करने हेतु एक राष्ट्रीय योजना लागू करने के लिए एक **केंद्रीय निगरानी समिति** का गठन किसने किया_____ **NGT (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण)।**

**नोट:**

- केंद्रीय निगरानी समिति राज्यों की नदी कायाकल्प समितियों के साथ समन्वय भी करेगी और कार्य योजनाओं के निष्पादन की देखरेख करेगी।
- यह देश भर में 351 से अधिक नदी को प्रदूषण मुक्त बनाएगी क्योंकि इसने जल और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है।

**2.** नौसेना प्रमुख एडमिरल **'सुनील लांबा'** ने अत्याधुनिक **'वर्चुअल रियलिटी सेंटर** (VRC)' का उद्घाटन कहां किया______ **नौसेना डिजाइन निदेशालय, नई दिल्ली।**

**नोट:**

- यह सेंटर भारतीय नौसेना की स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन क्षमता को बढ़ावा देगा।
- यह भारत सरकार की "मेक इन इंडिया" पहल के तहत युद्धपोत निर्माण के लिए आत्मनिर्भरता और अधिक उत्साह प्रदान करेगा।
- यह परियोजना डिजाइन और युद्धपोतों पर कर्मचारी परिस्थिति विज्ञान में सुधार हेतु डिजाइनरों और उपयोगकर्ताओं के बीच निरंतर बातचीत के लिए सहयोगी डिजाइन समीक्षाओं की सुविधा प्रदान करेगी।

**3.** भारत ने किस सब-सोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया______**निर्भय।**

**नोट:**





- यह बहुत कम ऊंचाई पर वेपाइंट नेविगेशन का उपयोग करके बूस्ट चरण, क्रूज चरण की पुनरावर्तनीयता सिद्ध करने के उद्देश्य से छठा विकास उड़ान परीक्षण है।
- मिसाइल ने उर्ध्वाधर रूप से उड़ान भरी और क्षितिज के समांतर वांछित दिशा में मुड़ गई, बूस्टर अलग हो गया, विंग विस्तारित हो गए, इंजन शुरू हो गया, और मिसाइल ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए।

**4.** जनरल रावत ने तटरक्षक बल के किस अपतटीय गश्ती पोत (ओ.पी.वी) को शामिल किया_____**वीरा।**

**नोट:**

- वीरा (97-मीटर लंबा और 15-मीटर चौड़ा) तट रक्षकों को समुद्री सीमाओं की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से करने में मदद करेगा।
- वीरा की सीमा 5,000 समुद्री मील है और यह 26 समुद्री मील तक की निरंतर गति प्राप्त कर सकता है।
- यह दो 12.7-एम.एम. हैवी मशीन गन (HMG) और 30 एम.एम.-नेवल गन के साथ फायर कंट्रोल सिस्टम से लैस है।

**5.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस अवधि के दौरान GSLV की पांच उड़ानों में **GSLV चरण - 4 कार्यक्रमों** को जारी रखने की मंजूरी दी _____**वर्ष 2021 से 2024 तक।**

**नोट:**

- चरण - 4 जियो-इमेजिंग, नेविगेशन, डेटा रिले कम्युनिकेशन और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दो टन श्रेणी के उपग्रहों के प्रक्षेपण को सक्षम बनाएगा।
- यह कार्यक्रम भारतीय मानव अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और मंगल ग्रह के अगले अंतर्ग्रहीय मिशन की सहायता हेतु महत्वपूर्ण सैटेलाइट नेविगेशन सेवाओं, डेटा रिले कम्युनिकेशन प्रदान करने के लिए उपग्रहों की लॉन्च आवश्यकताओं को पूरा करेगा।
- GSLV के परिचालन ने संचार और मौसम संबंधी उपग्रहों के लिए 2 टन श्रेणी के उपग्रहों की प्रक्षेपण क्षमता में देश को आत्मनिर्भर बना दिया है।

**6.** टाटा टेलीसर्विसेज के भारती एयरटेल लिमिटेड के साथ विलय को किसने मंजूरी दी____ **दूरसंचार विभाग (DoT)।**

**नोट:**

- गारंटी अधिकतर एक बारगी स्पेक्ट्रम शुल्क (ओ.टी.सी.एस) और लोगों को विकास के बारे में जानकारी के अनुसार कुछ विलंबित एयरवेव शुल्क से संबंधित है।
- एयरटेल द्वारा एक बारगी स्पेक्ट्रम शुल्क के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपये और TTSL से हासिल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम के लिए 1,200 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करने के बाद विलय माना जाएगा।

**7.** **होम एक्सपो इंडिया 2019** का 8वां संस्करण कहां पर स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुरु हुआ _____**ग्रेटर नोएडा।**

**नोट:**

- यह घर की सजावट, फर्निशिंग, फ़र्नीचर, फ्लोरिंग और टेक्सटाइल्स में अधिकतम प्रोत्साहन और विकास क्षमता के साथ कार्यक्षेत्रों को शामिल करता है।
- स्थायी मार्टो में लगभग 500 कंपनियां इन श्रेणियों के तहत अपने कलेक्शन का प्रदर्शन करेंगी।
- होम एक्सपो इंडिया 2019 विभिन्न प्रकार के घरेलू सामानों और सजावटी उत्पादों के लिए आपकी सभी बुनियादी जरूरतों का एक स्थान है।





- प्रदर्शनी का आयोजन हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा किया गया है।

**8.** पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (MoEF) को किसने निर्देश दिया कि वह तीन महीने के अंदर प्रत्येक राज्य में स्थानीय स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समितियों (BMC) के गठन पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे_____ **राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT)।**

**नोट:**

- NGT अध्यक्ष **न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल** की अध्यक्षता वाली पीठ ने अभी तक समिति नहीं गठित करने वाले राज्यों से देरी का कारण बताते हुए हलफनामा दायर करने के लिए कहा है।
- न्यायाधिकरण ने पिछले वर्ष 8 अगस्त को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अधिकारियों वाली एक निगरानी समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

**9.** ब्रिटिश भारतीय उपन्यासकार **सलमान रुश्दी** का नया उपन्यास जो अगस्त 2019 में प्रकाशित होगा ____**Quichotte.**

**नोट:**

- यह एक यात्रा कर रहे उम्रदराज सेल्समैन की कहानी है जो एक टीवी स्टार के प्यार में पड़ जाता है और स्वयं को उसके लायक सिद्ध करने के लिए अमेरिका चल पड़ता है।
- पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा अधिग्रहित पुस्तक "Quichotte" अगस्त में हैमिश हैमिल्टन की मोहर के तहत भारत में प्रकाशित होगी।
- रुश्दी मैन बुकर पुरस्कार प्राप्त "मिडनाइट्स चिल्ड्रन" सहित 13 उपन्यासों और लघु कथा संग्रहों के लेखक हैं।

**10. सऊदी अरब** ने भारत का **हज कोटा** बढ़ाकर कितना करने के लिए औपचारिक आदेश जारी किया ______**दो लाख।**

**नोट:**

- फरवरी 2019 में, सऊदी **क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन** ने घोषणा की थी कि भारतीय यात्रियों का हज कोटा 25 हजार बढ़ाकर दो लाख किया जाएगा।
- यह लगातार तीन वर्षों में तीसरी वृद्धि है।
- 2,340 भारतीय मुस्लिम महिलाएं पुरुष साथी या मेहरम के बिना तीर्थयात्रा के लिए जाएंगी।

**11. केंद्र सरकार** ने कहां पर **नियंत्रण रेखा व्यापार** पर रोक लगा दी _____**जम्मू-कश्मीर।**

**नोट:**

- यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि सरकार को ऐसी रिपोर्टें मिल रही थीं कि अवैध हथियारों, मादक पदार्थों और नकली मुद्रा के लिए पाकिस्तान द्वारा संचालित नियंत्रण रेखा व्यापार मार्गों का दुरुपयोग किया जा रहा है।
- जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों के बीच नियंत्रण रेखा व्यापार की अनुमति देने का मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यापार और स्थानीय रूप से निर्मित तथा विकसित उत्पादों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना था।

## राज्य समाचार

**1.** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी **राजीव रंजन** ने कहां पर अपनी तरह के भारत के पहले **'वोटर पार्क'** का उद्घाटन किया _______ **गुरुग्राम, हरियाणा।**

**नोट:**





- वोटर पार्क की स्थापना का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदान के पात्र लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे देश की प्रगति में योगदान दे सकें।

2. **निर्वाचन आयोग** की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए, राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने कहां का मतदान रद्द किया ______ **वेल्लोर निर्वाचन क्षेत्र।**

   **नोट:**

   - इसके साथ, वेल्लोर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली लोकसभा सीट बन गई है जहां धन के दुरुपयोग पर चुनावों को रद्द किया गया।

3. **उच्चतम न्यायालय** असम में **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान** और कहां से निकलने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया_____**कारबी अंगलांग पहाड़ी।**

   **नोट:**

   - इस क्षेत्र में खनन गतिविधि से पर्यावरण की हानि और हाथियों एवं बाघों के मुख्य आवास स्थल का नाश हुआ है।
   - यह एक सींग वाले गैंडों के लिए प्रसिद्ध है।
   - काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत के असम राज्य के गोलाघाट और नागांव जिलों में एक राष्ट्रीय उद्यान है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. सरकार, व्यापार और समाज के भविष्य पर वैश्विक वार्ता को सशक्त बनाने के लिए विश्व के पहले **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) शिखर सम्मेलन** की मेजबानी कौन करेगा_____**संयुक्त अरब अमीरात (UAE)।**

   **नोट:**

   - अमीरात न्यूज एजेंसी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में शासन, व्यापार और समाज के अंतर्निहित स्तंभों को परिभाषित करने के लिए वैश्विक नेताओं को एक मंच पर लाया जाएगा - जो दुनिया में खुशी को बढ़ाएगा।
   - AIE उद्योगों में वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामलों को उजागर करेगा, और 130 से अधिक प्रभावशाली वक्ताओं की मेजबानी करते हुए सहयोग और साझेदारी बनाएगा।

2. आम चुनावों में दक्षिणपंथी फिन्स पार्टी को हराकर मामूली अंतर से जीत दर्ज करने वाली फिनलैंड की वामपंथी पार्टी_____ **सोशल डेमोक्रेट पार्टी।**

   **नोट:**

   - एंटी रिने के नेतृत्व वाली सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने 200 सदस्यीय संसद में 40 सीटें हासिल कीं, जबकि फिन्स की पार्टी ने 39 सीटें हासिल कीं।
   - नेशनल कोअलिशन पार्टी ने 38 सीटें हासिल कीं, जबकि सत्ताधारी पार्टी ने 31 सीटें जीतीं। शेष सीटें अन्य दलों ने जीतीं।

3. **नेपाल** ने अमेरिका के वर्जीनिया से अपने किस पहले उपग्रह का अंतरिक्ष में सफल प्रक्षेपण किया_____**नेपालीसैट-1**.

   **नोट:**

   - नेपालीसैट -1 नेपाली वैज्ञानिकों द्वारा विकसित निकटतम कक्षा का उपग्रह है।
   - उपग्रह देश की भौगोलिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए नियमित रूप से तस्वीरें लेगा।





- इसका वजन 1.3 किलोग्राम है, जो इसे सीमित क्षमता वाला एक छोटा उपग्रह बनाता है।
- BIRDS प्रॉजेक्ट को संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से डिजाइन किया गया है और इसका उद्देश्य देशों को अपना पहला उपग्रह प्रक्षेपित करने में मदद करना है।

**4.** **श्रीलंका का पहला उपग्रह** जिसे वर्जीनिया के पूर्वी तट पर नासा की फ्लाइट फैसिलिटी से अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया ____ **रावण -1 (Raavana-1)।**

**नोट:**

- 'रावण 1' का वजन लगभग 1.05 किलोग्राम और उपग्रह का जीवनकाल लगभग डेढ़ वर्ष है।
- उपग्रह को जापान के क्यूशू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो श्रीलंकाई अनुसंधान इंजीनियरों द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था।
- इसके कैमरे का उद्देश्य श्रीलंका और उसके पड़ोसी देशों की तस्वीर प्राप्त करना है।

**5.** **चीन** ने विश्व की पहली सशस्त्र उभयचर ड्रोन नौका का सफल परीक्षण किया, इसका नाम_____ **मरीन लिज़ार्ड।**

**नोट:**

- यह हवाई ड्रोन और अन्य ड्रोन जहाजों के साथ मुकाबला की एक तिकड़ी में कार्य करने में सक्षम है।
- यह नौका चीन शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के तहत वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप द्वारा बनाई गई है।
- 1,200 किलोमीटर की अधिकतम संचालन सीमा होने के साथ मरीन लिज़ार्ड को उपग्रहों के माध्यम से दूर से नियंत्रित किया जा सकता है।

**6.** गूगल ने अपना पहला अफ्रीकी आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस (AI) केंद्र कहां खोला_____**अक्रा, घाना।**

**नोट:**

- अनुसंधान प्रयोगशाला अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के प्रति समर्पित परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और अनुसंधान वैज्ञानिकों का समूह बनाएगी।
- यह केंद्र AI में रुचि रखने वाले छात्रों को अनुदान और पीएच.डी छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए सीधे अफ्रीकी विश्वविद्यालयों से जुड़ा हुआ है।
- गूगल रवांडा के अफ्रीकन इंस्टीट्यूट फॉर मैथमेटिकल साइंसेज में मशीन इंटेलिजेंस विषय में स्नातक कार्यक्रमों में भी सहायता करता है।

**7.** विदेश विभाग में एक **इंडो-पैसिफिक विंग (भारत-प्रशांत प्रभाग)** की स्थापना करने वाला मंत्रालय_____**विदेश मंत्रालय।**

**नोट:**

- इस नए प्रभाग का उद्देश्य उस नीति को एक सुसंगत संरचना प्रदान करना है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2018 में **शांगरी-ला संवाद** में व्यक्त किया था।
- वर्तमान में, इस प्रभाग का नेतृत्व संयुक्त सचिव विक्रम दोराईस्वामी करेंगे।

**8.** **गूगल** और **एप्पल** ने भारत में चीनी इंटरनेट कंपनी **बाइटडांस** के किस सोशल मीडिया ऐप को प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से हटा दिया_____**टिक टॉक।**

**नोट:**

- इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह टिक टॉक के माध्यम से अश्लील वीडियो तक पहुंच प्राप्त करने संबंधी चिंताओं के चलते इस ऐप पर प्रतिबंध लगाए।





- टिक टॉक छोटे वीडियो बनाने और उन्हें साझा करने के लिए एक iOS और एंड्रॉयड मीडिया ऐप है।
- यह ऐप उपयोगकर्ताओं को 3 से 15 सेकंड के शॉर्ट म्यूजिक वीडियो और 3-60 सेकेंड के शॉर्ट लूपिंग वीडियो बनाने की सुविधा प्रदान करता है।
- यह एशिया, अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में एक प्रमुख शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म है।

**9.** भारतीय नौसेना ने अपने और **वियतनाम पीपुल्स नेवी** के बीच **द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास** का दूसरा संस्करण कहां आयोजित किया ___**कैम रान खाड़ी, वियतनाम।**

**नोट:**

- यह अभ्यास दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों में पूर्वी बेड़े के जहाजों की समुद्रपार तैनाती के एक भाग के रूप में आयोजित किया गया था।
- कैप्टन आदित्य हारा की कमान में INS कोलकाता और कैप्टन श्रीराम अमूर की कमान में INS शक्ति ने अभ्यास में भाग लिया।

**10. 7वां चीन अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मेला** (CSITF) कहां शुरु हुआ ______ **शंघाई, चीन।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय स्तर के व्यवसायिक मेले में पेशेवर प्रौद्योगिकी, तकनीकी नवाचार और व्यापार सेवाओं सहित पांच प्रदर्शनी क्षेत्र हैं।
- मेले में लगभग 1,000 कंपनियां और संगठन भाग ले रहे हैं, जिनमें ब्रिटिश शहर लिवरपूल की 20 से अधिक कंपनियां और संगठन शामिल हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** पश्चिम बंगाल की योजनाएं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र का **वर्ल्ड समिट ऑन द इनफॉर्मेशन सोसायटी** (WSIS) पुरस्कार दिया गया___**उत्कर्ष बांग्ला और सबुज साथी।**

**नोट:**

- "उत्कर्ष बांग्ला" योजना का उद्देश्य उन कुशल उम्मीदवारों का एक संघ बनाना है जो उद्योग के लिए तैयार हैं।
- "सबुज साथी" योजना के तहत, राज्य में सरकार द्वारा संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और मदरसों में नौवीं और बारहवीं कक्षा के बीच पढ़ाई करने वाले छात्रों को साइकिल वितरित की जाती हैं।
- बंगाल सरकार ने इस योजना की शुरुआत के बाद से लगभग 1 करोड़ साइकिलें वितरित की हैं।

**2.** वर्ल्ड प्रेस फोटो अवार्ड 2019 किसने जीता_____**जॉन मूरे।**

**नोट:**

- डच-स्वीडिश फोटोग्राफर पीटर टेन होपेन ने अमेरिकी सीमा पर 2018 जन-प्रवासी कारवां की फोटो के लिए "वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ़ द ईयर अवार्ड" जीता।
- इन फोटो को उनकी सही, निष्पक्ष और हमारी दुनिया की नेत्रहीन सम्मोहक अंतदृष्टि के आधार पर चुना गया।

**3.** लाइफ साइंसेज के निदेशक जिन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया_____ **डॉ. ए.के. सिंह।**

**नोट:**





- उन्हें चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में लाइफ साइंस, एयरोस्पेस और वैमानिकी में योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।
- विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था।
- DST वैज्ञानिक के पास 18 से अधिक पेटेंट हैं और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर 57 से अधिक शोध प्रकाशनों में योगदान दिया है।

**4.** रिचर्ड पावर्स की ओवरस्टोरी ने किस श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार 2019 जीता____**फिक्शन।**

**नोट:**

- प्रबंधक **डैना कैनेडी** ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के वर्ल्ड रूम से वर्ष 2019 के **पुलित्जर पुरस्कार विजेताओं** ने नामों की घोषणा की।
- वाल स्ट्रीट जर्नल ने एक और सन-सेंटिनल ने लोक सेवा के लिए अपना दूसरा पुलित्जर जीता।
- दिवंगत अमेरिकी गायिका-गीतकार **अरीथा फ्रैंकलिन** (जिन्हें **'द क्वीन ऑफ सोल'** के नाम से जाना जाता है) को मरणोपरांत अमेरिकी संगीत और संस्कृति में उनके योगदान के लिए पुलित्जर पुरस्कार के विशेष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।
- **नाटक: फेयरव्यू,** जैकी सिबलीस ड्रूरी (लेखिका)
- **इतिहास: फ्रेडरिक डगलस: प्रोफेट ऑफ फ्रीडम,** लेखक डेविड डब्ल्यू. ब्लाइट (साइमन एंड शूस्टर)

**5.** म्यांमार की जेल में बंद रॉयटर्स के पत्रकार जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र प्रेस फ्रीडम प्राइज जीता ____ **वा लोन और क्याव सो ओ।**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक एजेंसी ने म्यांमार जेल में बंद **रॉयटर्स के दो पत्रकारों** को अपना वार्षिक **प्रेस फ्रीडम पुरस्कार** प्रदान किया।
- दोनों पत्रकारों लोन और सो ओ को जब गिरफ्तार किया गया था तब वे म्यांमार के राखीन राज्य में एक सैन्य कार्यवाही और कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन की कहानियों पर काम कर रहे थे।

**6.** टाइम पत्रिका के अनुसार, प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में किन तीन भारतीयों का नाम है__ **मुकेश अंबानी, अरुंधति काटजू और मेनका गुरुस्वामी।**

**नोट:**

- **टाइम पत्रिका** ने वर्ष 2019 की अपनी **100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची** जारी की है।
- इस सूची में भारतीय-अमेरिकी कॉमेडियन और टीवी होस्ट हसन मिन्हाज, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पोप फ्रांसिस, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान, प्रतिष्ठित गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स और फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग शामिल हैं।

## खेल समाचार

**1.** अमेरिकी पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी जिन्होंने **5वां मास्टर्स खिताब** जीतने के साथ 15वां प्रमुख खिताब जीता ____ **टाइगर वुड्स।**

**नोट:**





- 18 ग्रीन में चारों ओर भारी उत्सव का माहौल था, जब वुड्स ने दो अंडर-पार 70 के साथ 13 अंडर-पार में जीत हासिल की, साथी अमेरिकी डस्टिन जॉनसन से एक स्थान आगे।
- फ्रांसेस्को मोलिनारी की उम्मीदें नौ में दो डबल बोगीस के साथ समाप्त हो गईं और उन्हें 11 अंडर पर पांचवें स्थान के लिए संतोष करना पड़ा।
- इस रोमांचक जीत ने पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी को जैक निकलॉस के रिकॉर्ड से केवल तीन मास्टर्स पीछे पहुंचा दिया है।

**2.** कहां पर संपन्न हुए मुक्केबाजी विश्व कप में भारत ने 5 पदक हासिल किए___ **कोलोग्न, जर्मनी।**

**नोट:**

- **मीना कुमारी मैसनम** ने 54 किग्रा में स्वर्ण जीतकर अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।
- युवा विश्व चैंपियन साक्षी (57 किग्रा) और इंडिया ओपन चैंपियन पविलाओ बासुमातरे (64 किग्रा) ने रजत पदक जीता।
- पिंकी रानी (51 किग्रा) और परवीन (60 किग्रा) ने कांस्य जीता।

**3.** इथियोपिया की महिला धावक एथलीट जिन्होंने पेरिस मैराथन का 43वां संस्करण जीता ___ **गेलेट बुर्का।**

**नोट:**

- बुर्का 2 घंटे 22 मिनट 48 सेकंड के साथ सबसे तेज दौड़ने वाली महिला रहीं।
- **व्हीलचेयर दौड़** में, **जूलियन कैसोली** ने तीसरी बार मैराथन जीती।
- पेरिस मैराथन दुनिया की सबसे प्रमुख दौड प्रतियोगिताओं में से एक है।

**4.** इथियोपिया के पुरुष धावक एथलीट जिन्होंने पेरिस मैराथन का 43वां संस्करण जीता ___**अब्राह मिलाव।**

**नोट:**

- मिलाव ने 2 घंटे 7 मिनट 4 सेकंड के समय के साथ पुरुषों की दौड़ जीती।
- दो बार के पेरिस मैराथन विजेता, केन्या के **पॉल लोन्यांगटा** तीसरे स्थान पर रहे।

**5.** मोटर रेस में, ब्रिटिश कार चालक जिन्होंने रिकॉर्ड छठी बार **चीनी ग्रैंड प्रिक्स** जीती ___ **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**

- यह जीत हैमिल्टन के करियर की 75वीं, और दो सप्ताह पहले बहरीन में उनकी जीत के बाद लगातार दूसरी जीत थी।
- वाल्टेरी बोटास ने इस सत्र में अपनी टीम के लिए तीसरी बार दूसरा स्थान हासिल किया।
- फेरारी के सेबेस्टियन वेटल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**6.** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी जिन्होंने वाटरिंगन, नीदरलैंड में आयोजित **विक्टर डच इंटरनेशनल बैडमिंटन खिताब** जीता___ **हर्षील दानी।**

**नोट:**

- उन्होंने 47 मिनट के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफर्सन को 15-21, 21-12, 21-13 से हराया।
- डच इंटरनेशनल नीदरलैंड में दूसरी सबसे बड़ी बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10,000 अमेरिकी डॉलर है।





- यह टूर्नामेंट एक अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला स्तर का टूर्नामेंट है और ग्रैंड प्रिक्स स्तर का यह टूर्नामेंट डच ओपन के नाम से जाना जाता है।

**7.** जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी जिन्होंने सिंगापुर बैडमिंटन ओपन पुरुष एकल खिताब 2019 जीता____**केंटो मोमोटा।**

**नोट:**

- जापान के **केंटो मोमोटा** ने एंथोनी गिन्टिंग (इंडोनेशिया) को 10-21, 21-19, 21-13 से हराकर **सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2019 का पुरुष एकल खिताब** जीता है।
- **महिलाओं के फाइनल** में, **ताई त्ज़ु-यिंग** (ताइवान) ने नोज़ोमी ओकुहारा (जापान) पर 21-19, 21-15 से जीत हासिल करके अपना दूसरा सिंगापुर ओपन खिताब जीता।
- यह टूर्नामेंट सिंगापुर बैडमिंटन एसोसिएशन ने BWF की मंजूरी से आयोजित किया था।

**8.** प्रो लीग प्रतिबद्धताओं का सम्मान नहीं करने के चलते **पाकिस्तान हॉकी संघ (PHF)** पर **176000 यूरो का भारी जुर्माना** किसने लगाया ____ **अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH)।**

**नोट:**

- PHF पर अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में प्रो लीग मैचों के लिए राष्ट्रीय टीम नहीं भेजने के लिए जुर्माना लगाया गया।
- FIH ने पाकिस्तान की खेल संस्था को जुर्माना भरने के लिए 20 जून तक का समय दिया है, इस अवधि में जुर्माना न भरने पर यह दोगुना कर दिया जाएगा।

**9.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान जिन्हें **स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप (SCCWC)** में **'टीम इंडिया' की सद्भावना राजदूत** बनाया गया ___**मिताली राज।**

**नोट:**

- वह **सौरव गांगुली** और **राजस्थान रॉयल्स** के साथ टीम का समर्थन करेंगी।
- स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप (SCCWC) 2019 सड़क से जुड़े बच्चों के लिए पहला क्रिकेट विश्व कप है।
- टूर्नामेंट का आयोजन ब्रिटेन स्थित संगठन स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड (SCU) द्वारा किया जा रहा है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

**1.** **IDBI बैंक** ने वित्तीय कार्यवाही कार्यदल (FATF) के सदस्य देशों में रहने वाले **NRI** (प्रवासी भारतीयों) के लिए खाता खोलने की कौन सी प्रक्रिया शुरू की _____**NRI-इंस्टा-ऑनलाइन।**

**नोट:**

- किसी व्यक्ति को बैंक में खाता खोलने के लिए कागजी दस्तावेजों के साथ-साथ KYC के प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- स्कैन किए गए दस्तावेजों के सफलतापूर्वक अपलोड और सत्यापन हो जाने पर, खाता तुरंत खोला जाता है और ग्राहक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक सूचना भेजी जाती है।





- FATF एक अंतर-सरकारी संस्था है जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली बनाने रखने से संबंधित खतरों से निपटने के लिए कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नीति और मानक निर्धारित करती है।

2. **बजाज फाइनेंस लिमिटेड** ने कौन सा अभियान शुरू किया है, जिसमें **एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों** के पास **बिजली बिल** का भुगतान EMI पर करने का विकल्प होगा _____**#BijliOnEMI.**

**नोट:**

- 20,000 रुपये और उससे अधिक के एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहक 5000 रुपये के इंस्टेंट क्रेडिट लोन के पात्र होंगे।
- 40,000 रुपये से अधिक के एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों को उनके वॉलेट में इंस्टेंट क्रेडिट लोन के रूप में 7000 रुपये मिलेंगे।
- यह ग्राहक को एयर-कंडीशनर के इंस्टॉलेशन शुल्क और उनके बिजली के बिलों का भुगतान EMI पर करने में मदद करेगा।
- **बजाज फिनसर्व** (बजाज होल्डिंग्स एंड इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड की एक शाखा) एक भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी है जो ऋण देने, परिसंपत्ति प्रबंधन, धन प्रबंधन और बीमा पर केंद्रित है।

3. **बंधन बैंक** को किसके साथ विलय करने की प्रस्तावित योजना के लिए **भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)** से मंजूरी प्राप्त हुई ______ **गृह फाइनेंस।**

**नोट:**

- यह अनुमोदन प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 की उपधारा (1) के तहत दिया गया है।
- बैंक में प्रमोटर के शेयर 82.3% से 61% तक लाने के लिए विलय का कदम उठाया गया था।
- जिस बैंक को इस योजना के लिए RBI ने मंजूरी दी थी, उसे हाल ही में BSE और NSE से मंजूरी मिली थी।

4. पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने बैंक का कार्यकारी निदेशक किन्हें नियुक्त किया______**राजेश कुमार यदुवंशी।**

**नोट:**

- अब, PNB के तीन कार्यकारी निदेशक राजेश, यदुवंशी, एल.वी. प्रभाकर और ए.के. आजाद हैं।
- श्री यदुवंशी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और वे भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित सदस्य हैं।

5. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **50 रुपये के बैंकनोट** को जारी किया जिस पर हस्ताक्षर करने वाले गवर्नर हैं_____**शक्तिकांत दास।**

**नोट:**

- RBI के अनुसार, महात्मा गांधी नई श्रृंखला में 50 नोटों के लिए सभी प्रकार से इन नोटों का डिज़ाइन समान है।
- रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व में जारी किए गए 50 रुपये मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट कानूनी निविदा के रूप में मान्य होंगे।

6. MSME बिल छूट के लिए M1Xchange Trade Receivables Discounting System (TReDS) प्लेटफॉर्म के साथ समझौता करने वाला बैंक ____ **बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM)।**

**नोट:**





- TreDS प्लेटफॉर्म सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को उनके बिलों को एक नीलामी के माध्यम से प्रतिस्पर्धी दर पर वित्तपोषित करने के लिए सहायता प्रदान करने वाला एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, इस नीलामी में कई पंजीकृत पूंजीदाता भाग ले सकते हैं।
- **Mynd Solutions** एक प्रौद्योगिकी कंपनी है जो M1Xchange का TreDS प्लेटफॉर्म संचालित करती है। TReDS प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य सिस्टम में नकदी के निर्बाध प्रवाह को सुगम बनाना और प्रतिस्पर्धी दर पर पूंजी उपलब्ध कराना है।

7. **ICICI बैंक** ने कौन सी कार और दुपहिया ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की है जो मौजूदा ग्राहकों को तत्काल मंजूरी पत्र प्रदान करेगी___**इंस्टा ऑटो लोन।**

**नोट:**

- पहली पहल 'इंस्टा ऑटो लोन' 2 मिलियन से अधिक पूर्व-स्वीकृत ग्राहकों को सात वर्ष तक के समय के लिए 20 लाख रुपये तक के कार ऋण हेतु अंतिम अनुमोदन पत्र तुरंत और डिजिटल रूप से प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।
- दूसरी पहल 'इंस्टा टू-व्हीलर लोन' 12 मिलियन से अधिक पूर्व-स्वीकृत ग्राहकों को 3 वर्ष तक के समय के लिए 2 लाख रुपये तक के ऋण की तत्काल मंजूरी प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।
- दोनों योजनाएं वाहन की पूरी ऑन-रोड कीमत प्रदान करेंगी।

8. **ACI वर्ल्डवाइड** के अनुसार, अपने ATM नेटवर्क और आधार प्रमाणीकरण पर **EMV कार्ड** प्राप्ति का समर्थन करने के लिए प्रमुख नए कार्य को सफलतापूर्वक किसने पूरा किया___**केनरा बैंक।**

**नोट:**

- केनरा बैंक देश के विशाल ATM नेटवर्क में कार्ड से लेनदेन के लिए EMV चिप और पिन पर स्थानान्तरित होने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। केनरा बैंक की लगभग 6,300 शाखाएं और 10,000 से अधिक ATM का नेटवर्क है।
- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने सभी बैंकों को 31 दिसंबर, 2018 तक मैग्नेटिक स्ट्रिप वाले ATM/डेबिट कार्ड को EMV चिप और पिन भुगतान कार्डों में बदलने के लिए आदेश जारी किया था।

9. वित्तीय समावेश की श्रेणी में 'छोटे व्यवसायों तक पहुंच हेतु ऋण व्यवस्था को पुन: तैयार करने' के लिए प्रतिष्ठित **सेलेन्ट मॉडल बैंक 2019 पुरस्कार** से सम्मानित स्मॉल फाइनेंस बैंक___ **फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB)।**

**नोट:**

- फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक मेट्रो, शहरी और अर्ध-शहरी बाजारों में बैंकिंग के जानकार उपभोक्ताओं की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है।
- **फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक** ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के तहत RBI से अंतिम लाइसेंस प्राप्त करने के बाद, 21 जुलाई, 2017 को बैंकिंग परिचालन शुरू किया था।
- मार्च 2019 तक, फिनकेयर SFB 12 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में 15 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

## श्रद्धांजलियां

1. स्वीडिश अभिनेत्री जिनका स्वीडन के स्टॉकहोम में निधन हो गया ___**बीबी एंडरसन।**





**नोट:**

- बीबी एंडरसन को वर्ष 1963 में बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर बीयर सहित कई पुरस्कार मिले थे।
- वह द सेवेन्थ सील (1957), वाइल्ड स्ट्रॉबेरी (1957) और पर्सोना (1966) सहित बर्गमैन क्लासिक्स में अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं।

**2.** प्रख्यात हिंदी कवि जिनका ग्वालियर में उनके आवास पर निधन हो गया___ **प्रदीप चौबे।**

**नोट:**

- चौबे प्रख्यात हास्यकार, व्यंग्यकार और कवि शैल चतुर्वेदी के छोटे भाई थे।
- उन्होंने कविता के अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए देना बैंक की नौकरी छोड़ दी और अपने पंचों से दर्शकों को लुभाने के लिए देश भर में यात्रा की, उनमें से कई समाज के रूढ़िवादी तत्वों को निशाना बनाकर कहे गए थे।
- महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में पैदा हुए श्री चौबे ग्वालियर में स्थानांतरित हो गए थे।

**3.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन उपग्रह केंद्र (ISAC) के पूर्व निदेशक जिनका बेंगलुरु में निधन हो गया ___ **एस.के. शिवकुमार।**

**नोट:**

- वह उस टीम में शामिल थे जिसने भारत के पहले चंद्र मिशन चंद्रयान-1 के लिए दूरमापी प्रणाली (telemetry system) विकसित की थी।
- उन्होंने भास्कर, INSAT, IRS-1B, और IRS-1C जैसे कई मिशन में योगदान दिया। वह पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता और कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार (2008) से सम्मानित व्यक्ति थे।

**4.** अंतरिक्ष यात्रा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली अमेरिका की पहली महिला जिनका फ्लोरिडा में निधन हो गया ___**जैरी कॉब।**

**नोट:**

- वर्ष 1961 में, कॉब अंतरिक्ष यात्री परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली पहली महिला बनीं थीं।
- कुल मिलाकर, 13 महिलाओं ने कठिन शारीरिक परीक्षण उत्तीर्ण किया और **मरकरी 13** के रूप में प्रसिद्ध हुईं।

**5.** स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर जिनका ब्रेन ट्यूमर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया___**कॉन डी लैंगे।**

**नोट:**

- दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस खिलाड़ी ने स्कॉटलैंड के लिए 21 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और जून, 2015 में आयरलैंड के खिलाफ एक T-20 अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया।
- बाएं हाथ के स्पिनर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/60 किया था, जिससे स्कॉटलैंड को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में पहली बार एकदिवसीय मैच में जीत मिली थी।

**--------------0--------------**





# Mission CDS

## A 100-Day Score Booster Course

## Score 150+ in CDS II 2019


Amit Shishodia


Quasif Ansari


Abhishek Ajay Singh


Zubair Ehsani




START FREE TRIAL